वेटरनरी यूनिवर्सिटी में मनाया गया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के आदेशानुसार एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा के दिशा निर्देशन में पशु चिकित्सा परिसर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया गया इस उपलक्ष में पशु चिकित्सा परिसर में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक श्वानों में निशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति डॉ सीता प्रसाद तिवारी जी ने स्वान को टीका लगाकर इस शिविर का आरंभ किया। पशुओं का मानव जीवन में बहुत महत्व है तथा सृष्टि के प्रारंभ से ही पशु इंसान के अच्छे साथी के रुप में साथ रह रहे हैं विश्व में सबसे ज्यादा पशु पक्षी पाए जाने वाले देशों में भारत भी शामिल है पशु चिकित्सक इन बेजुबान पशु पक्षियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण करते हैं बेजुबान पशुओं के स्वास्थ्य देखभाल उनके प्रति क्रूरता तथा उनके उचित रखरखाव के संबंध में आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रत्येक वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय पशु चिकित्सा पेशे में विविधता समानता एवं समावेशीता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं के लिए निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विद्या कनोजे एवं मयंक मीणा द्वितीय स्थान मृगेंद्र सिंह एवं तृतीय स्थान सोनल दीक्षित, धर्मेंद्र गोस्वामी ने प्राप्त किया चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिकेत पटेल एवं दीवा ढींगरा आर्य महाशब्दे हर्षिका तिवारी एवं तृतीय स्थान नेहा शर्मा एवं रीता त्यागी ने प्राप्त किया कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलपति महोदय जी ने पी.जी. एवं पी.एच.डी. छात्र–छात्राओं को इंस्टीट्यूशन फैलोशिप देने की घोषणा की जो छात्र पशु चिकित्सक परिसर में विशेष नैदानिक एवं शोध कार्यक्रम मैं कार्यरत रहेंगे जिससे पशु प्रेमियों एवं पशु पालक उनको उनके पशु के उपचार से संबंधित उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। इस कार्यक्रम में डॉ. एस.एस. तोमर संचालक शिक्षण, डॉ. जी. दास, प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. कविता राय डॉ. अपरा शाही, डॉ अमिता तिवारी, डॉ. बबिता दास, डॉ.नितिन बजाज, डॉ बृजेश सिंह, डॉ. शशि प्रधान डॉ. एस.एम.एस. त्रिपाठी, डॉ. रणवीर सिंह जाटव उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. अपूर्व मिश्रा ने किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में पी.एच.डी. छात्र, डॉ. आदित्य प्रताप एवं डॉ. सलिल कुमार पाठक का विशेष योगदान रहा। निशुल्क एंटीरेबीज टीकाकरण रेवा फार्मेसी द्वारा उपलब्ध कराया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर